दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 01 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 213

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली के अस्पताल को ईमेल से मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके में स्थित चाचा नेहरू अस्पताल को मंगलवार को बम होने के संबंध में एक ईमेल मिला, जिसके बाद अस्पताल परिसर को खाली करा लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बम की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों के साथ अस्पताल पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, एहतियात के तौर पर मरीजों को अस्पताल से बाहर ले जाया गया और परिसर में तलाशी ली गई। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### विजयवाड़ा में एक डॉक्टर और परिवार के चार सदस्य मृत मिले

**विजयवाड़ा (आरएनएस)।** विजयवाड़ा में एक डॉक्टर और उनके परिवार के चार सदस्य मंगलवार को अपने आवास पर मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि ऑर्थोपेडिक डॉक्टर डी. श्रीनिवास (40), उनकी पत्नी, दो बच्चे और मां पटामाता अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक, जब नौकरानी डॉक्टर के घर गई तो उसने उन्हें बालकनी पर लटका हुआ पाया। उसने तुरंत पड़ोसियों को सतर्क किया और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और टीम को घर में श्रीनिवास की पत्नी उषा (38), बेटी शैलजा (9), बेटे श्रीहान (8) और मां रामानम (65) के शव मिले। माना जा रहा है कि उन सभी की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस को संदेह है कि श्रीनिवास ने अपनी जान देने से पहले अपने परिवार के सदस्यों की हत्या की। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी। श्रीनिवास के परिजनों को शक है कि आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने यह कदम उठाया होगा। उन्होंने हाल ही में एक अस्पताल बनवाया था, लेकिन घाटे में चलने के बाद उन्होंने इसे बेच दिया। तभी से वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे।

### त्रिपुरा : चुनाव अधिकारी से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार भाजपा नेता को मिली जमानत

**अगरतला (आरएनएस)।** त्रिपुरा पूर्व निर्वाचन क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के दौरान एक पीठासीन अधिकारी के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने त्रिपुरा में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उत्तरी त्रिपुरा जिले के भाजपा प्रमुख काजल दास को पुलिस ने तब गिरफ्तार किया, जब बागबासा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने उनके खिलाफ 26 अप्रैल को एक प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें भाजपा नेता पर पिछले शुक्रवार को मतदान के दौरान एक पीठासीन अधिकारी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया। . हालांकि, जब पुलिस ने दास को स्थानीय अदालत में पेश किया, तो उसने भाजपा नेता को जमानत दे दी। उत्तरी त्रिपुरा डीएसपी ने पहले मामले की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया था। एक अलग घटनाक्रम में, उत्तरी त्रिपुरा जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) ने शुक्रवार को मतदान के दौरान उसी बागबासा विधानसभा क्षेत्र में एक बूथ अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के कारण भाजपा विधायक जादब लाल नाथ को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश : चार की मौत

## 350 से ज्यादा परिवार को किया गया शिफ्ट



**श्रीनगर ।** आरएनएस

पिछले चार दिनों के दौरान जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश के चलते आई बाढ़ में तीन नाबालिग सहित चार लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि 350 से ज्यादा परिवारों को शिफ्ट कर दिया गया है, कई मवेशी मर गए हैं और दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

अधिकारियों ने घाटी में स्कूल बंद कर दिए हैं और कश्मीर विश्वविद्यालय ने मंगलवार को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।

भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि जम्मू संभाग के पहाड़ी जिलों डोडा, रियासी, किश्तवाड़ और रामबन और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में लगातार बारिश व बिजली के चलते दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

अचानक आई बाढ़ के चलते अलग-अलग स्थानों पर कई मवेशी और चार दर्जन से ज्यादा भेड़ें मर गईं।

कुपवाड़ा जिले में अधिकारियों ने 350 से ज्यादा परिवारों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है।

पिछले चार दिनों के दौरान भारी बारिश से जम्मू-कश्मीर में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

बाढ़ ने कुपवाड़ा जिले में कुछ प्रमुख बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है, जिसमें शूमरियाल ब्रिज, खुमरियाल ब्रिज, शतमुकम ब्रिज, सोहिपोरा-हैहामा ब्रिज, फारक्यान ब्रिज, कुपवाड़ा में दो ग्रामीण विकास विभाग भवन और सहायक निदेशक हस्तशिल्प कार्यालय भवन शामिल हैं।

बारामूला, पुलवामा, अनंतनाग और कश्मीर के अन्य जिलों और जम्मू संभाग के सांबा और कठुआ जिलों में प्रमुख सडक़ें और विभिन्न संपर्क सडक़ें पानी में डूब गई हैं।

जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी और भूस्खलन के चलते सभी बड़े और छोटे राजमार्ग और सडक़ें बंद कर दिए गए हैं। श्रीनगर-जम्मू, श्रीनगर-लेह और मुगल रोड को बंद कर दिया गया है।

दक्षिण कश्मीर के जिलों में श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग के कुछ हिस्से पानी में डूब गए हैं। जलभराव से श्रीनगर शहर के कई आवासीय इलाके और घाटी के अन्य निचले इलाके प्रभावित हुए हैं।

झेलम और सिंध धारा सहित सभी नदियां उफान पर हैं और नदियों और पहाड़ी जलधाराओं के करीब रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने श्रीनगर और अन्य जिलों में बाढ़ के पानी के चलते आवासीय कॉलोनियों में निकासी योजनाएं तैयार की हैं।

विशो नाला, रामबियारा नाला, लिद्दर और दूधगंगा नाला जैसी सभी पहाड़ी नदियां उफान पर हैं। गुलमर्ग, गुरेज, माछिल, बालटाल और जोजिला दर्रा जैसे ऊंचे इलाकों में आज ताजा बर्फबारी हुई है।

मौसम विभाग ने कहा, वर्तमान सैटेलाइट में कश्मीर संभाग के अधिकांश हिस्सों में आमतौर पर बादल छाए हुए हैं और जम्मू संभाग में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। कश्मीर संभाग में दोपहर तक कुछ स्थानों पर कभी-कभी धूप निकलने और आमतौर पर बादल छाए रहने की संभावना है।

कश्मीर संभाग के कई हिस्सों और जम्मू संभाग के कुछ स्थानों पर गरज के साथ रुक-रुक कर हल्की बारिश होगी और कुछ स्थानों पर दोपहर या रात तक ओलावृष्टि की संभावना है।

## बिहार समेत 4 राज्यों में भीषण गर्मी की चेतावनी, रेड अलर्ट जारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने आने वाले दिनों में बिहार, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भीषण गर्मी पडऩे की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने संभावना जताई कि यहां अगले 2 से 3 दिन में अत्यधिक गर्मी पड़ेगी और भयंकर लू चलेगी। इसे देखते हुए विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किया गया है।लोगों को सावधानी बरतने और सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक घर से बाहर न निकलने को कहा गया है। आईएमडी के मुताबिक, सोमवार को पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड, केरल और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में लू चली, जिससे तापमान 45 डिग्री के पास पहुंच गया।आंध्र प्रदेश के कलाईकुंडा, कंडाला और नंद्याल में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस जारी किया गया। ओडिशा के बारीपदा और शेखपुरा में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।इन इलाकों में 15 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। पूर्वी भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में गर्मी रहेगी। आईएमडी ने तेलंगाना, सिक्किम और कर्नाटक के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि रेड अलर्ट के साथ-साथ ऑरेंज अलर्ट वाले क्षेत्रों में भी लोग बाहर निकलने पर बीमार पड़ सकते हैं।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में मौसम अभी सामान्य बना हुआ है। यहां तापमान 40 डिग्री के आसपास है।दिल्ली में 4 मई के आसपास बारिश होने की संभावना है।

## कार और लॉरी में जबरदस्त भिड़ंत, एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौके पर मौत

**कन्नूर ।** आरएनएस

केरल के कन्नूर में देर रात एक कार और लॉरी की टक्कर में एक बच्चे सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सभी मृतक कार में सवार थे।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सी सुधाकरन (52), उनकी पत्नी अजिता (35), उनके ससुर के कृष्णन (65) और अजित (अजीता के भाई) के बेटे आकाश (9) एवं कासरगोड के कालीचानाडुकम के कार चालक के.एन. पद्मकुमार (59) के रूप में हुई है। यह परिवार कासरगोड जिले के चित्तरिक्कल के पास भीमनदी का रहने वाला था। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए परियाराम के कन्नूर मेडिकल कॉलेज में रखा गया।

यह दुर्घटना देर रात लगभग 2245 बजे पुन्नाचेरी पेट्रोल पंप के पास हुई। यह परिवार कार से कोझिकोड में सुधाकरन के बड़े बेटे सौरव से मिलकर अपने घर लौट रहा था, तभी उनकी कार कन्नूर की ओर जा रहे एलपीजी से भरे ट्रक से टकरा गयी।

सूत्रों के अनुसार कासरगोड की ओर जा रही एक अन्य लॉरी ने पहले कार को टक्कर मारी, जिससे कार अनियंत्रित हो गयी और फिर एलपीजी से भरे टैंकर से टकरा गयी। टक्कर में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और स्थानीय निवासियों, अग्निशमन कर्मियों और कन्नापुरम पुलिस ने कार के दरवाजे तोडक़र शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि कन्नापुरम पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया और लॉरी के दो चालकों को हिरासत में ले लिया।

## नासिक में मुंबई-आगरा राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर, 10 की मौत

**मुंबई ।** आरएनएस



महाराष्ट्र के नासिक में मंगलवार सुबह मुंबई और आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। यहां एक ट्रक और महाराष्ट्र परिवहन निगम की बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई।घटना के समय यात्रियों से भरी बस वसई से जलगांव जा रही थी, तभी चंदवाड के पास हादसा हुआ। हादसे में 36 यात्री घायल हैं, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसा इतना भयानक था कि बस का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो काफी विचलित करने वाला है। हादसे के बाद यात्रियों को बस को काटकर निकालना पड़ा। बस में करीब 45 यात्री सवार थे।हादसे के सही कारणों की जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि बस का टायर फटने से वह अनियंत्रित हो गई थी और ट्रक से टकरा गई।हादसे में 6 से 7 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## बारातियों से भरी स्कॉर्पियो पर पलटा ट्रक, छह की मौत

**भागलपुर (आरएनएस)।** बिहार के भागलपुर के घोघा थाना क्षेत्र में बारातियों से भरी स्कॉर्पियो पर एक ट्रक के पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक सोमवार देर रात तीन स्कॉर्पियो पर सवार होकर बाराती एनएच-80 पर भागलपुर से कहलगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहा गिट्टी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर एक स्कॉर्पियो पर पलट गया। ट्रक में जितनी गिट्टी भरी थी, वह स्कॉर्पियो पर आ गई। इसमें दबकर स्कॉर्पियो में सवार छह बारातियों की मौत हो गई। मृतको में दो से तीन बच्चे भी शामिल हैं। बारात मुंगेर के हवेली खडग़पुर के गोवड्डा से पीरपैंती के खिदमतपुर जा रही थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से गिट्टी को हटाकर शवों को बाहर निकाला व उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घायलों को भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## दिल्ली पुलिस का तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को समन

### -अमित शाह फर्जी वीडियो मामला

**नईदिल्ली ।** आरएनएस




आरक्षण के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो से संबंधित मामले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को समन भेजा है।पुलिस ने बुधवार यानि 1 मई को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। उनसे अपने सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी लाने को कहा गया है।रेड्डी के अलावा तेलंगाना के ही 4-5 अन्य लोगों को भी समन भेजकर मामले की जांच में शामिल होने को कहा गया है। इनमें कुछ कांग्रेस नेता भी हैं।

हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमित शाह का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को खत्म करने की बात कह रहे हैं।हालांकि, यह वीडियो फर्जी था और इसे एक अन्य वीडियो के साथ छेड़छाड़ करके बनाया गया था। मूल वीडियो में शाह ने तेलंगाना में मुस्लिमों को मिलने वाले 4 प्रतिशत आरक्षण को खत्म करने की बात कही थी।

यह वीडियो एक्स और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई लोगों ने साझा किया था, जिसमें कांग्रेस के कई नेता भी शामिल हैं।आरोप है कि तेलंगाना कांग्रेस के आधिकारिक एक्स अकाउंट से भी यह वीडियो साझा किया गया था, जिसके बाद कई पार्टी नेताओं ने इसे रिट्वीट किया।मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी तेलंगाना कांग्रेस के प्रमुख भी हैं और उन्हें समन भेजने का एक कारण यह भी हो सकता है।

गृह मंत्रालय और भाजपा की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। उसने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी के तहत केस दर्ज किया है।पुलिस ने कहा कि यह वीडियो विभिन्न समुदायों के बीच नफरत फैलाने के उद्देश्य से साझा किया गया और इससे कानून व्यवस्था भंग होने का खतरा है।पुलिस ने एक्स और फेसबुक से वीडियो साझा करने वाले अकाउंट्स की जानकारी मांगी है।

बता दें कि अमित शाह का यह फर्जी वीडियो ऐसे समय पर वायरल हुआ था, जब लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष और सत्तारूढ़ भाजपा आरक्षण को लेकर आमने-सामने हैं।विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, का आरोप है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह एससी, एसटी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण को खत्म कर देगी।दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर अमित शाह तक साफ कर चुके हैं कि भाजपा आरक्षण को हाथ भी नहीं लगाएगी।

## ऑनलाइन गेमिंग ऐप घोटाले के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्यवाई, 2,500 डमी बैंक खातों की पहचान

**नई दिल्ली ।** आरएनएस

प्रवर्तन निदेशालय कोलकाता ने ई-नगेट नामक एक प्रमुख ऑनलाइन गेमिंग ऐप घोटाले के खिलाफ सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। गेमिंग प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किए गए ई-नगेट ऐप ने उपयोगकर्ताओं को उनके निवेश पर रिटर्न का वादा किया था।

वास्तविक पैसे पर दांव लगाने और उपयोगकर्ताओं को भारी कमीशन का वादा करने के लिए डिजाइन किए गए आकर्षक गेम की पेशकश करते हुए ऐप ने एक सुनहरे निवेश की तस्वीर पेश की। हालांकि, निवेश किए जाने के बाद ऐप बंद हो गया और निवेशकों को अपने धन को वापस पाने का कोई रास्ता नहीं मिला।

खुलासा 2022 में शुरू हुआ जब ईडी ने घोटाले का पर्दाफाश किया। इस दौरान पता चला कि गलत तरीके से कमाए गए लाभ का एक हिस्सा डिजिटल संपत्तियों में निवेश किया गया था। जांच के दौरान लगभग 2,500 डमी बैंक खातों की पहचान की गई और उनका विश्लेषण किया गया।

तलाशी के दौरान लगभग 19 करोड़ नकद राशि जब्त की गई। घोटाले के मास्टरमाइंड आमिर खान को भी गिरफ्तार किया गया और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

ईडी ने कई एक्सचेंजों से विशेष रूप से बिनेंस, ज़ेबपे और वज़ीरएक्स के कई क्रिप्टो वॉलेट का विवरण मांगा। बिनेंस और अन्य एक्सचेंजों से इकट्ठा जानकारी के कारण 70 खातों में 90 करोड़ की धनराशि रोक दी गई। बिनेंस, ज़ेबपे और वज़ीरएक्स के पास रखे गए 70 खातों में 90 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं, जो घोटाले से जुड़े थे। इन क्रिप्टो संपत्तियों को बाद में ईडी ने अपने कब्जे में ले लिया और ईडी के क्रिप्टो वॉलेट में स्थानांतरित कर दिया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को आएंगी अयोध्या

**अयोध्या ।** आरएनएस



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राम मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए एक मई को अयोध्या आने वाली हैं। मंदिर के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि इस दौरान आम श्रद्धालु भी रोज की भांति दर्शन-पूजन कर सकेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू के विशेष विमान से एक मई शाम करीब चार बजे अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद उन्हें वीआईपी गेट से होते हुए मंदिर परिसर तक ले जाया जाएगा।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति करीब तीन घंटे तक शहर में रहेंगी। इस दौरान उनके स्वागत के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी मौजूद रहने की उम्मीद है। लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और अयोध्या हवाई अड्डे को राम पथ से जोडऩे वाले मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन किया जाएगा।

शाम को सरयू के तट पर होने वाली आरती के दौरान राष्ट्रपति के आने की उम्मीद में तैयारी की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रपति का विस्तृत कार्यक्रम अभी नहीं आया है, लेकिन हम एक मई को राष्ट्रपति के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान आम भक्त भी मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहेंगे। प्रयास किया जा रहा है कि राष्ट्रपति के आने से आम लोगों को कोई असुविधा न हो। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि राष्ट्रपति के काफिले की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात परिवर्तन और व्यवस्थाएं की जाएंगी।

## कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार माना, वैक्सीन से जम सकता है खून का थक्का

**नई दिल्ली ।** आरएनएस

कोरोना महामारी को पुरी दुनिया ने झेला था। इस बीमारी से बचाव के लिए बड़े स्तर पर टीकाकरण हुआ था। अरबों लोगों को कोविड वैक्सीन लग भी चुकी है। इस बीच वैक्सीन के दुष्प्रभाव की बात भी अब सामने आ गई है। यूके की प्रसिद्ध फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की अदालत में पहली बार स्वीकार किया है कि उसकी कोविड-19 की वैक्सीन से लोगों को टीटीएस जैसे साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं। कंपनी ने माना है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन में थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस नामक एक दुर्लभ साइड इफेक्ट पैदा करने की क्षमता है। आपको बता दें कि थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के कारण शरीर में खून के थक्के जम सकते हैं जो आगे चलकर स्ट्रोक या कार्डियक अरेस्ट जैसी घटनाओं का कारण बनते हैं।




बीते साल जेमी स्कॉट नामक व्यक्ति ने रक्त के थक्के से पीड़ित होने के बाद एस्ट्राजेनेका पर कानूनी कार्रवाई की है। स्कॉट ने जानकारी दी है कि अप्रैल 2021 में वैक्सीन लेने के बाद उनके दिमाग में खून का थक्का जम गया और खून बहने लगा जिससे उनके मस्तिष्क में स्थायी चोट लग गई और वह काम करने में असमर्थ हो गए। मई 2023 में कंपनी ने कहा था कि वे यह स्वीकार नहीं करते हैं कि टीटीएस सामान्य स्तर पर वैक्सीन से प्रेरित है।

एस्ट्राजेनेका ने कोवीशील्ड वैक्सीन बनाने के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ सहयोग किया था। कंपनी इस वक्त एक मुकदमे से निपट रहा है जिसमें दावा किया गया है कि उनके टीके से मौतें हुई हैं और इस वैक्सीन को लेने वालों को गंभीर नुकसान हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट को सौंपे गए कानूनी दस्तावेज में एस्ट्राजेनेका दवा कंपनी ने कहा कि यह माना जाता है कि वैक्सीन, बहुत ही दुर्लभ मामलों में, टीटीएस का कारण बन सकती है। कंपनी ने कहा है कि इसका कारण अभी पता नहीं है।

यूके की कोर्ट में दायर मुकदमे में प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार करीब £100 मिलियन के मुआवजे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सच्चाई हमारे साथ है और हम हार नहीं मानेंगे। बता दें कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े वैक्सीन निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साथ भी सहयोग किया था।